NAVODAYA TIMES N.D 16/1/19

अंतर्राष्ट्रीय रबड़ कान्फ्रैंस व रबड़ एक्सपो 17 से मुम्बई में : चिटकारा

जालन्धर, 15 जनवरी (एजैंसी): ऑल इंडिया रबड़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा 3 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रबड़ कान्फ्रैंस व एक्सपो 17-18-19 जनवरी को नैस्को काम्प्लैक्स गोरेगांव (ई.) मुम्बई में आयोजित किया जाएगा। एक्सपो के चेयरमैन विक्रम मक्कड़, चीफ कन्वीनर विष्णु भीमराजका, एग्जीबिशन मार्कीटिंग कमेटी के सदस्य एवं एम्बैसेडर हरविंद्र सिंह चिटकारा ने बताया कि 27,000 स्क्वेयर मीटर में हो रहे इस एक्सपो में विश्व भर से 360 से अधिक एग्जीबिटर आधुनिक मशीनरी, ऑटोमैटिक रबड़ कम्पोनैंट्स,

विक्रम मक्कड़, विष्णु भीमराजका व हरविंद्र सिंह चिटकारा।

कन्वेयर एवं ट्रांसमिशन बैल्ट्स, फुटवियर, इंडस्ट्रीयल रबड़ पार्ट्स, नैचुरल रबड़ और लेटैक्स व रिक्लेम रबड़ टायर्स-ट्यूब्स, रबड़ कम्पाऊंड्स एवं कैमिकल्ज, रबड़ रोलर्ज, एयरोस्पेस, डिफैंस, रेलवे से संबंधित रबड़ उत्पाद प्रदर्शित करेंगे।

हरविंद्र सिंह चिटकारा ने बताया कि रबड़ कान्फ्रैंस, दि रिवर्स बायर सैलर मीट व एक्सपो में रिलायंस, इंडियन सिंथैटिक रबड़ लि., एफ्कोटैक्स लि., लार्ड इंडिया, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि., लार्सन एंड टर्बो, अशोका लीलैंड, होल्डवैल कम्पोनैन्ट्स, फ्लैक्सिल, बी.के.टी. टायर्स, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा इत्यादि कम्पनियां हिस्सा ले रही हैं। इस एक्सपो में 27,000 से अधिक डेलीगेट शामिल होंगे।